## fnukad 29-08-2016 dks ifj;kstuk funs'kd] vkRek ckadk dh v/;{krk esa vk;ksftr iz[k.M rduhdh izca/kd] lgk;d rduhdh izca/kd ,oa ys[kkiky dh cSBd dh dk;Zokgh %&

1- mifLFkfr % iath esa la/kkfjrA

2. पूर्व की बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रखंड कटोरिया एवं बेलहर का कार्य प्रगति शून्य है। ऐसा प्रतीत होता है कि कटोरिया एवं बेलहर के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक द्वारा कार्य में अभिरूची नही ली जा रही है। कटोरिया प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक द्वारा बाताया गया कि पूर्व से प्रस्तावित श्री विधि धान का प्रत्यक्षण सांसद आदर्श ग्राम कोल्हासार में न चलाकर, सभी प्रत्यक्षण एक ही पंचायत दमोदरा में चलाया गया जो अत्यंत ही खेद जनक है। इस संबंध में कार्य में धोर लापरवाही के कारण कटोरिया एवं बेलहर के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक से स्पष्टीकरण किया जाय।

3. किसान पाठशाला के संचालन में बौंसी, कटोरिया एवं बेलहर की स्थिति संतोषजनक नही रहने के कारण उक्त प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक को निदेश दिया गया कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुये इसका सफल संचालन करना सुनिश्चित करें। सभी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक को निदेश दिया गया किसान पाठशाला का फोटोग्राफी कर ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

4. प्रत्यक्षण :— श्री विधि तकनीक आधारित दिए गये प्रत्यक्षण की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि किसी भी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक द्वारा प्रत्यक्षण स्थल का भ्रमण एवं निरीक्षण नही किया जाता है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि ससमय प्रत्यक्षण स्थल का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

5. समूह :— जिला के सभी प्रखंडों में पॉच—पॉच समूह गठन का लक्ष्य है। जिसके अनुरूप प्रखंड अमरपुर —2, बांका—1, बाराहाट—5, बौंसी—2, धोरैया—2, चांदन—2, रजौन—2, शंभूगंज—3 का ही अभी तक आत्मा कार्यालय बांका से निबंधन कराया गया है। शेष प्रखंड कटोरिया, बेलहर एवं फुल्लीडूमर की उपलब्धता शून्य है, जो खेद जनक है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक अविलम्ब समूहों का गठन कर आत्मा कार्यालय, बांका से निबंधन कराना सुनिश्चित करें।

6. प्रखंड कृषि पदाधिकारी (सभी) जिला—बांका को निदेश दिया जाता है, कि किसान पाठशाला एवं प्रत्यक्षण का भ्रमण कर इसका सफल संचालन करना सुनिश्चित करेंगे।

7. प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर मानदेय का भुगतान किया जाता है। कार्य किए बिना अनुपस्थिति विवरणी उपलब्ध कराना धोर अपराध है। ज्ञातव्य हो कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी, धोरैया द्वारा श्री मधुकर तिवारी, लेखापाल का बिना लेखा का कार्य किए अनुपस्थिति विवरणी दिया गया है।

अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर श्री तिवारी का मानदेय का भुगतान जूलाई 2016 तक कर दिया गया है। समीक्षा के क्रम में श्री तिवारी द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा कोई भी लेखा का कार्य जनवरी 2015 से जूलाई 2016 तक नही किया गया। ऐसी स्थिति सारी जबाव देही प्रखंड कृषि पदाधिकारी, धोरैया की होगी।

8. श्री मधुकर तिवारी, लेखापाल का स्थानानन्तरण प्रशासनिक दृष्टिकोण से कटोरिया प्रखंड किया गया है। खेद के साथ कहना है, कि अभी तक योगदान एवं लेखापाल का प्रभार की सूचना आपके द्वारा अधोहस्ताक्षरी को नही दिया गया है। चूँकि आप लेखापाल के कार्यो के प्रति अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वाहन नही किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में बिना लेखा का कार्य किये, मानदेय का भुगतान नही किया जा सकता हैं। इनसे स्पष्टीकरण किया जाय।

9. प्रायः ऐसा देखा जाता है, कि प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक द्वारा क्षेत्र का भ्रमण ससमय नही किया जाता है। निदेश दिया गया कि लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर किये गये कार्यो का विवरणी उपलब्ध कराये गये डायरी में अंकित करना सुनिश्चित करें। साथ ही निदेश दिया गया कि बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने पर, आकस्मिक अवकाश का आवेदन ससमय पर नही उपलब्ध कराने पर, स्पष्टीकरण का जबाव नही देने पर एवं कार्य में प्रगति नही होने पर उनका मानदेय स्थगित रखा जायेगा।

11. प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक को निदेश दिया गया कि आत्मा योजना से संचालित विभिन्न योजनाओं में आरक्षण कोटि का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

परियोजना निदेशक
आत्मा, बांका।